<u>**एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 55वीं बैठक संपन्न**</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 28.10.2017 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री बी.सी. त्रिपाठी,महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि.सं./राजभाषा/मानव संसाधन विकास),एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इनके अतिरिक्त बैठक में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/ मुख्य नामित राजभाषा अधिकारी,नामित राजभाषा अधिकारी के साथ-साथ भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के हिंदी प्राध्यापक डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा उपस्थित हुए।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। श्री कलिहारी ने गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की। पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जून,2017 एवं सितंबर,2017 तिमाही का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी बैठक में समीक्षा की गईं।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हमें अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करके अपने संवैधानिक दायित्व के निर्वहन करना है। एमसीएल राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु कृत संकल्प है। कार्यालयीन कार्य करते समय हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग में परस्पर सहयोग किया जाना चाहिए। नियमानुसार हर तिमाही में क्षेत्रों में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक वहाँ के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित किए जाने पर बल दिया।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण के संबंध में संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने आगे कहा कि 05 नवंबर,2017 से आरंभ होनेवाली हिंदी प्रवीण,प्राज्ञ एवं प्रबोध परीक्षाओं में क्षेत्रों एवं विभागों के परीक्षा फार्म भरनेवाले सभी प्रशिक्षार्थियों की परीक्षा में उपस्थिति सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),राजभाषा विभाग, मुख्यालय द्वारा बैठक के सफल संचालन के साथ-साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।